हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, मंगलवार, 16 अप्रैल 2024


तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री


12 स्कूलों बसों पर हो रही कार्रवाई के विरोध में उपायुक्त से मिले निजी स्कूल संचालक





12 गेहूं के बैगों का उठान धीमा होने से अटी मंडी




## खबर संक्षेप

### अश्लील हरकत का विरोध करने पर किया चाकू से वार

**जींद।** शहर थाना सफीदों इलाके में रात को घर में घुस कर महिला के साथ अश्लील हरकत करने तथा चाकू से वार कर घायल करने पर एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सफीदों निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात वह घर में अकेली थी।

### सड़क हादसे में दो घायल,मामला दर्ज

**कैथल।** गांव करोड़ा में एक मोटरसाइकिल चालक ने एक युवक व उसके दोस्त को टक्कर मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव निवासी बंटी ने पूंडरी थाना में शिकायत दी कि 12 अप्रैल को रात करीब पौने 10 बजे वह और उसका एक दोस्त गांव के मु य मार्ग पर जा रहे थे। वहां अज्ञात मोटरसाइकिल चालक ने उन्हें टक्कर मारकर घायल कर दिया।

### रंजिशन हमला करने पर पांच के खिलाफ केस दर्ज

**जींद।** जुलाना में रंजिशन हमला कर व्यक्ति को घायल करने पर पुलिस ने दो लोगों को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जुलाना निवासी विनोद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव के ही रमेश से कहासुनी हो गई थी। जब घर वापस लौट रहा था तो रास्ते में रमेश व उसके परिवारवालों ने हमला कर दिया।

### दुकान से नोटों की मालाएं चोरी, केस

**कैथल।** चोर एक दुकान से नोटों की मालाएं चोरी कर ले गए। पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पहले मामले में एसबीआई रोड कैथल के अंकुश ने शहर थाना में शिकायत दी कि उसकी छात्रावास रोड पर फोन व नोटों की माला बनाने की दुकान है। 13 अप्रैल को अज्ञात आरोपी शटर तोड़कर नोटों की मालाएं चोरी कर ले गए।

### मकान का टूटा ताला आभूषण-नकदी चोरी

**जींद।** बरसोला में बीती रात चोरों ने मकान का ताला तोड़कर जेवर, नगदी समेत लाखों रुपये कीमत का सामान चोरी कर लिया। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बरसोला निवासी जोगेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने ताला तोड़ कर दस तोले सोना के जेवरात, चांदी के जेवरात, दस हजार की नगदी को चोरी कर लिया।

### गांव सांच से बिजली की दो मोटर चोरी, केस दर्ज

कैथल। गांव सांच के ईश्वर सिंह ने पूंडरी थाना में शिकायत दी कि 13 अप्रैल को रात के समय अज्ञात आरोपी उसके पशुबाड़े से बिजली की दो मोटर चोरी कर ले गए। उसे 10 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। जांच अधिकारी प्रवीन कुमार ने बताया कि पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### खेतों से पंखे, बिजली मोटर व केबल चोरी

**जींद।** जिले में बीती रात चोरों ने आधा दर्जन किसानों के खेतों से टयूबवैलों के पंखे तथा अन्य कीमती सामान को चोरी कर लिया। संबंधित थाना पुलिस ने किसानों की शिकायतों पर चोरी के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बुआना निवासी किसान हरिप्रकाश, सुनील, रामबीर ने पुलिस को शिकायत दी है।

### धोखाधड़ी के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** लोन व मेडिकल कालेज में दाखिला दिलवाने के नाम पर लाखो ठगी के मामले की जांच इकनोमिक सैल प्रभारी इंस्पेक्टर राजकरण की टीम ने आरोपी लक्ष्मी नगर दिल्ली निवासी लक्ष्मण, उत्तम नगर नई दिल्ली निवासी विजय व न्यु मोती नगर नई दिल्ली निवासी प्रेमजीत राय को काबू कर लिया।

## नियमों की अवहेलना करने वाले निजी स्कूलों की बसों पर कार्रवाई जारी

# बीस पर लगाया जुर्माना, सौलह बसें इम्पाउंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

महेंद्रगढ़ जिले के कनीना में हुए स्कूल बस हादसे के बाद नियमों की अवहेलना करने वाली स्कूल बसों के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई लगातार जारी है। सोमवार को भी जिलाभर में कुल 71 बसों की जांच की गई। इनमें 20 बसों के चालान किए गए जबकि 16 बसों को इम्पाउंड किया गया। हालांकि निजी स्कूल संचालक भी डीसी मोहम्मद इमरान रजा और एसपी सुमित कुमार से मिले। दोनों ही अधिकारियों से निजी स्कूल संचालकों को चेताया कि निर्धारित शतार्ें तथा नियमों से कोई समझौता नही किया जाएगा। छात्रो को परेशान नही होने दिया जाएगा। पांच दिन के अंदर सभी शतार्ें व नियमों को पूरा कर लें। जिसके बाद कड़ी कार्रवाई अमल मे लाई जाएगी। स्कूल वाहनों की जांच का सिलसिला जारी रहेगा। सोमवार को मोटर वाहन निरीक्षक संजीव कौशिक, आरटीए सहायक आनंद बैनीवाल, ट्रैफिक थाना प्रभारी शमशेर सिंह के नेतृत्व में परिवहन विभाग तथा पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिलाभर में मेगा स्कूल बस जांच अभियान चलाया गया। स्कूल बसों की गहनता से जांच की गई। जांच में कहीं चालक व परिचालक वर्दी में नही पाए गए तो कहीं बसों में स्पीड गवर्नर, जीपीएस व कैमरे चलते नही मिले। जिस पर प्राइवेट स्कूल वाहनों के चालान किए गए व वाहनों को इम्पाउंड भी किया गया। हालांकि कई स्कूल संचालकों ने कार्रवाई से नाराज होकर छुट्टी भी घोषित की लेकिन परिवहन विभाग की कार्रवाई नही रूकी। बाकायदा स्कूलों में जाकर बसों की जांच की गई। मोटर वाहन निरीक्षक संजीव कौशिक, आरटीए सचिव सहायक आनंद बैनीवाल ने बताया कि स्कूल बसों की जांच के आदेश सरकार द्वारा दिए गए हैं। जिसको लेकर लगातार स्कूल बसों की जांच की गई। जांच के दौरान कुल 71 बसों की जांच की गई है और 20 बसों के चालान व 16 बसों को इम्पाउंड किया गया है। चालकों के लाइसेंस को भी जांचा गया है।

## जींद, जुलाना, पिल्लूखेड़ा में परिवहन विभाग और पुलिस ने प्राइवेट स्कूल बसों की जांच की



जींद। बसों की जांच करते हुए।



फोटो :हरिभूमि



कैथल। लघु सचिवालय में आरटीए विभाग के अधिकारियों के खिलाफ रोष जताते निजी स्कूल संचालक। फोटो :हरिभूमि



नरवाना। फिटनेस जांच में खामियां मिलने पर चालान करते हुए। फोटो :हरिभूमि



नरवाना। बस स्टैंड पर खडी जब्त की हुई बसें। फोटो :हरिभूमि

## नरवाना में निजी स्कूलों बसों की फिटनेस की जांच से मचा हड़कंप

**नरवाना।** महेंद्रगढ के कनीना में हुए स्कूल बस हादसे के बाद, जिला प्रशासन ने जिजी स्कूल की बसों की चेकिंग का अभियान चलाया हुआ है। अभियान के तहत आरटीए, रोडवेज और यातायात पुलिस की संयुक्त टीमों ने सोमवार को नरवाना के निजी स्कूलों में जाकर बसों का फिटनेस जांचा। जांच के दौरान कई बसों में खामियां पाई गई। फिटनेस सहीं न मिलने पर कई निजी स्कूल सचंालकों को भी लताडा। इस दौरान अलग-अलग स्कूलों से 37 स्कूल बसों की जांच की गई। जिनमें से 11 स्कूल बसों के चालान किये गये और 7 बसों को जब्त कर लिया गया। जिसके बाद नरवाना में कई निजी स्कूलों में एक दिन का अवकाश घोषित कर दिया। कनीना में हुए स्कूल बस हादसे के बाद चल रही निजी स्कूल बसों की चेंकिग से यह प्रतीत हो रहा है कि बच्चे सुरक्षित नहीं है। टीम द्वारा बसों व वेनों की जांच में पाया गया कि नरवाना के कई निजी स्कूलों की बसों व वेनो पर तो येलो रंग भी नहीं है जिसको टीम ने जब्त करके चालान किया। सोमवार को आर टी ए संजीव कौशिक के नेतृत्व में शहर के विभिन्न स्कूलों में चल रही स्कूल बसों की जांच मे अनियमितता मिलने पर उन स्कूलों की बसों के चालान काटे गए काफी बसों को परमिट न होने की वजह से इम्पाउड कर शहर के न्यू बस स्टैंड मे ले जाकर खड़ा कर दिया गया। जहां से वो सभी खामियां दूर करने के बाद अपने वाहनो के ले जा सकते हैं। सोमवार को शहर थाना प्रभारी अतिरिक्त विनोद कुमार के नेतृत्व में शिव शिशु स्कूल की बसों की जांच की गई, जिसमें तीन स्कूल वैन में कमी पाई गई। जिनको इम्पाउड कर लिया गया, दून पब्लिक स्कूल हथो की एक बस की जांच की।

### लगातार जारी रहेगा अभियान

ट्रैफिक थाना प्रभारी शमशेर सिंह ने बताया कि स्कूल वाहनों का चैकिंग का अभियान लगातार जारी रहेगा। जो वाहन चालक यातायात के नियमों का पालन नहीं कर रहे थे, जिन वाहनों के कागजात व वाहनों में कमी मिली है, उनके चालान पुलिस विभाग व आरटीओ द्वारा किए गए हैं।

### तीन टीमें गठित

जिला प्रशासन ने निजी स्कूलों की बसों की चेकिंग के लिए तीन टीमे गठित की गई है आर टी ए, यातायात पुलिस व शहर पुलिस जो मिलकर निजी स्कूलों की बसों की फिटनेस जांचने का काम कर रहे है वहीं आज भी नरवाना के कई निजी स्कूलों के 37 बसों व वेनों की फिटनेस जांची है जिनमें से 11 के चालान किये गए है और 7 बसों फिटनेस सही न होने पर जब्त कर लिया है। और सभी निजी स्कूलों को हिदायत दी गई है कि वे बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए अपनी स्कूल बसों व वेनों को दूरूस्त कर लें। ताकि किनाना जैसे हादसा दौबारा न हो।

*आरटीए मोटर व्हीकल अधिकारी, संजीव कौशिक।*

### इनको जांचा

जिसके बाद नरवाना में कई निजी स्कूलों में एक दिन का अवकाश घोषित कर दिया। कनीना में हुए स्कूल बस हादसे के बाद चल रही निजी स्कूल बसों की चेंकिग से यह प्रतीत हो रहा है कि बच्चे सुरक्षित नहीं है। टीम द्वारा बसों व वेनों की जांच में पाया गया कि नरवाना के कई निजी स्कूलों की बसों व वेनो पर तो येलो रंग भी नहीं है जिसको टीम ने जब्त करके चालान किया। सोमवार को आर टी ए संजीव कौशिक के नेतृत्व में शहर के विभिन्न स्कूलों में चल रही स्कूल बसों की जांच मे अनियमितता मिलने पर उन स्कूलों की बसों के चालान काटे गए काफी बसों को परमिट न होने की वजह से इम्पाउड कर शहर के न्यू बस स्टैंड मे ले जाकर खड़ा कर दिया गया। दून पब्लिक स्कूल हथो की एक बस की जांच की गई उसका सितम्बर 2023 से टेक्स नहीं जमा करवाया गया था उस का 21000 हजार का चालान काटा गया। एक सफेद रंग की स्कूल की वैन जिसका 11000 का चालान काटा गया। वहीं बस स्टेंड पर दिल्ली ग्लोबल स्कूल दाता सिंह वाला, गुरु अमर दास स्कूल पीपलथा, एम डी ऐन स्कूल, इत्यादि स्कूलों की खडी दिखाई दी।

## निजी स्कूल संचालकों की आरटीए विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

महेंद्रगढ़ के कनीना में हुए निजी स्कूल बस हादसे के बाद आरटीए विभाग द्वारा निजी स्कूल संचालकों के खिलाफ चलाए गए जांच अभियान के विरोध में सोमवार को निजी स्कूल एसोसिएशन ने लघु सचिवालय में आरटीए विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा मांगों को ज्ञापन अतिरिक्त उपायुक्त सी जय श्रद्धा को सौपा। ज्ञापन के माध्यम से निजी स्कूल संचालकों ने आरोप लगाया कि उन्हें बेवजह ही परेशान किया जा रहा है। इसके बाद एडीसी ने निजी स्कूल संचालकों को अप्रैल महीने तक का बसों में कमियां दूर करने का समय दिया। एडीसी से मिलने वाले निजी स्कूलों के प्रतिनिधिमंडल में जिले के 100 से अधिक स्कूलों के संचालक शामिल रहे। बता दें कि आरटीए विभाग की ओर से की गई कार्रवाई के तहत अब तक ढाई लाख रुपये का चालान राशि वसूली गई है। निजी स्कूल एसोसिएशन के पदाधिकारी डॉ. वरुण जैन ने बताया कि इस समय आरटीए विभाग की ओर से निजी स्कूल संचालकों को उनकी बसों की पासिंग करवाने के लिए माह में दो दिन का समय दिया गया है। जबकि यदि इस दौरान मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर छुट्टी कर ले या बस में कमी मिल जाए तो वह बस संचालित नहीं हो पाती है। ऐसे में एक महीने की प्रक्रिया में तीन महीने का समय लगता और स्कूल संचालक को नुकसान होता है। इसलिए महीने में कम से कम 15 दिन तक बसों की पासिंग की प्रक्रिया शुरू की जाए। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि अब आरटीए विभाग की ओर से जब्त की गई बसों की चालान राशि भरकर सभी बसों को छोड़ा जाए, ताकि स्कूल संचालकों को बसों को चलाने में परेशानी न हो।

### बैठक के बाद जांच की रणनीति बनाई जाएगी

आरटीए विभाग के जिला सचिव शीशपाल ने बताया कि सोमवार को जांच का कार्य नहीं किया गया है। इसको लेकर डीसी प्रशांत पंवार की तरफ से विभाग के अधिकारियों की बैठक होनी है। इस बैठक के बाद ही बसों की जांच की आगामी रणनीति बनाई जाएगी।

### तीन दिन में 53 बसों का किया चालान, 16 जब्त

बता दें कि जिले में 500 निजी स्कूलों की 1500 बसें हैं। इनमें से आरटीए विभाग की ओर से निजी स्कूलों की बसों की जांच के तहत तीन दिन में 53 बसों की जांच की गई है। जबकि इन बसों का करीब अढ़ाई लाख रुपये का जुर्माना किया गया है।

# बादलों के बदलते तेवरों से किसान चिंतित

- हजारों क्विंटल गेहूं खुले आसमान के नीचे अनाजमंडियों में पड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

राजौंद में पिछले दो दिनों से अचानक मौसम में परिवर्तन हुआ है और आसमान पर छाएं बादलों से किसानों व आढ़तियों की सांसे अटक कर रह गई क्योंकि हजारों क्विंटल गेहूं खुले आसमान के नीचे मंडियों में पड़ा है। आसमान में काले बादल जहां छाए हुए हैं वहीं बरसात होने की भी पूरी पूरी संभावना बनी हुई है। अगर बरसात हुई तो मंडी में खुले में पड़े हजारों क्विंटल गेहूं में भारी नुकसान हो सकता है। क्योंकि मंडी में एक ही शेड है और शेड के अलावा खुले में हजारों क्विंटल गेहूं पड़ा है। इसके अलावा राजौंद जाखौली सेरधा में तो शेड भी नहीं है। वहां और भी ज्यादा नुकसान हो सकता है। इस बारे राजौंद अनाज मंडी के आढ़ती राजेश राणा, महिपाल, भीम शर्मा माते राम, जॉनी राणा ने बताया कि बरसात हुई तो खुले में पड़ी हुई गेहूं को काफी नुकसान होगा। क्योंकि तीन-चार दिन से ढुलाई का कार्य बहुत धीमा चल रहा है, जिससे बोरियों काफी मात्रा में पड़ी है और खुले में भी काफी गेहूं की ढेरियां पड़ी हुई है।



राजौंद। अनाज मंडी में खुले में पड़ी गेहूं की बोरियां। फोटो :हरिभूमि

# गेहूं का दस करोड़ रुपये भुगतान किया

## अब तक 814210 क्विंटल गेहूं की खरीद, खरीद में सफीदों मंडी अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पिछले एक सप्ताह से जिले में गेहूं की आवक शुरू हुई है। जिसके चलते अबतक जिलेभर की सभी मंडियों में 814210 क्विंटल की आवक हो चुकी है। यह आवक पिछले वर्ष की तुलना में काफी कम है। जिसके चलते आज के दिन तक बीते वर्ष में 1804910 क्विंटल की खरीद हो चुकी थी। इसी तरह से मंडी में वर्तमान दिन में 29350 क्विंटल की खरीद हुई है जबकि बीते वर्ष आज के दिन 583300 क्विंटल गेहूं की खरीद हो चुकी थी। खरीद के मामले में अब तक सफीदों की मंडी सबसे आगे है। जिसमें किसानों की 209100 क्विंटल की खरीद हुई है। इसके अलावा दूसरे स्थान पर उचाना मंडी में लगभग 190730 क्विंटल गेहूं की आवक हुई। तीसरे स्थान पर पिल्लूखेड़ा मंडी रही जिसमें अबतक 178740 क्विंटल गेहूं की खरीद हुई। इसके अलावा उठान भी सभी मंडियों से 59260 क्विंटल हो चुका है। अब तक उठान आवक का लगभग आठ प्रतिशत हुआ है। इसमें फू ड सप्लाई ने 1962, हैफेड ने 4056, एफसीआई ने 12, हरियाणा वेयर हाउस कारपोरेशन ने 2124 किसानों से गेहूं की खरीद की। जिसके चलते अब तक 8154 किसानों से गेहूं खरीदा गया। अबतक कुल दस करोड़ रुपये की किसानों को गेहूं खरीद की पेमेंट हुई है।



जींद। अनाज मंडी में लगी गेहूं की ढेरियां। फोटो :हरिभूमि

### नहीं होने दी जाएगी परेशानी

खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी निशांत राठी ने बताया कि गेहूं में नमी की 12 प्रतिशत मात्रा निर्धारित की गई है। किसानों की पेमेंट भी साथ के साथ डलवाई जा रही है। मंडी में गेहूं की फसल लेकर आने वाले किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। इसके लिए सभी खरीद एजेंसियों को अलर्ट किया गया है। मंडी में गेहूं को सुखा कर लाएं ताकि आते ही उनकी गेहूं को बेचा जा सके।

## 1096 आर्टिकल व रिसर्च पेपर के साथ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम शामिल

# डॉ. संदीप को प्रोलिफिक राइटर, एजुकेशन लीडर अवॉर्ड

सूरज सहारण ▶▶| कैथल

एनआईआईएलएम विवि कैथल में हिंदी विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ.) संदीप सिंहमार को साहित्य लेखन व शिक्षा के क्षेत्र में 'प्रोलिफिक राइटर और एजुकेशन लीडर' अवॉर्ड मिला है। इसी के साथ डॉ. सिंहमार का नाम वेब बुक का रिकॉर्ड में वर्ल्ड रिकॉर्ड के तौर पर शामिल हो गया है। इससे पहले नवंबर 2023 में डॉ.संदीप को शिक्षा व साहित्य के क्षेत्र में ही 'द यूनाइटेड नेशंस एजुकेशन, साइंटिफिक एंड कल्चरल ऑगेर्नाइजेशन' यूनेस्को हैडक्वाटर पेरिस में ग्लोबल टीचर अवॉर्ड-2023 से भी नवाजा जा चुका है। यूनेस्को से ग्लोबल टीचर अवार्ड प्राप्त करने वाले पहले भारतीय बनने का गौरव भी डॉ.संदीप के ही नाम है। इसके अलावा उनका संयुक्त राष्ट्र की थीम 'विश्व शांति चाहिए, युद्ध नहीं' विषय पर अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिका अक्षरवार्ता में भी शोध पेपर प्रकाशित हुआ है। डॉ सिंहमार को परंबलुरु में आयोजित इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में उच्चतर शिक्षा में सराहनीय योगदान को देखते यूनेस्को व यूएनओ से प्रमाणित संस्था अमेरिकन रिसर्च काउंसिल व यूरोपीय काउंसिल फॉर हायर एजुकेशन एंड एक्रीडिटेशन यूनाइटेड किंगडम से इंटरनेशनल अवॉर्ड मिल चुके हैं। शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय भूमिका निभाने वाले शिक्षकों एवं शोधार्थियों को ये पुरस्कार प्रदान किया जाते है। विवि में एसो प्रो एवं हिंदी विभागाध्यक्ष के तौर पर कार्यरत डॉ संदीप का नाम वर्ल्ड रिकॉर्ड बुक में शामिल होने पर विवि के कुलपति प्रो (डॉ) शमीम अहमद व कुलसचिव डॉ.राजीव दहिया, चेयरमैन संदीप चहल, निदेशक डॉ बलराज व संदीप खुशी जताते बधाई दी।

### अन्य प्राध्यापकों को प्रेरणा मिलती है: वीसी



कुलपति प्रो.डॉ. शमीम अहमद ने कहा कि इस तरह के अवॉर्ड मिलने से प्राध्यापकों को प्रेरणा मिलती है। वहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विवि का गौरव भी बढ़ा है। ज्ञात रहे कि डा.संदीप इंटरनेशनल काउंसिल फॉर एजुकेशन रिसर्च एंड ट्रेनिंग के चेयरमैन होने के साथ एन आई आई एल एम विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर हैं। डॉ संदीप सिंहमार 400 से अधिक राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते शोधपत्र प्रस्तुत कर चुके हैं। इसके अलावा 152 शोध पत्र विभिन्न राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित हो चुके हैं। स्वतंत्र लेखक व टिप्पणीकार के तौर पर भी उनके अब तक 1096 लेख/स्तंभ लेख व टिप्पणी विभिन्न समाचार पत्रों व संपादित पुस्तकों में प्रकाशित हो चुके हैं। वर्तमान में डॉ. सिंहमार सामरिक विषयों सहित समसामयिक मुद्दों पर अपने लेख लिखते रहते हैं। इन्हीं लेखों व उच्च शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए योगदान के आधार पर अब सम्मान मिल रहा है।

# नाबालिग खिलाड़ी से दुष्कर्म के दोषी कोच को 10 साल की कैद

- गेम खिलाने का झांसा देकर खिलाड़ी को नरवाना ले गया था दोषी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डा. चंद्रहास की अदालत ने नाबालिग खिलाड़ी के साथ दुष्कर्म करने के जुर्म मे कोच को दस साल का कारावास तथा 15,500 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न भरने की सूरत मे दोषी को एक साल का अतिरिक्त कारवास भुगतना होगा। अदालत में चले अभियोग के अनुसार एक महिला ने 31 जुलाई 2023 को पुलिस को दी शिकायत मे बताया था कि साढे.14 वर्षीय खिलाड़ी है। जो कोच राजनगर निवासी कृष्ण की देखरेख मे प्रैक्टिस करती थी। 29 जुलाई 2023 को कोच कृष्ण उसकी बेटी को नरवाना के नवदीप स्टेडियम मे गेम करवाने का झासा देकर अपने साथ ले गया। जहा पर आरोपित ने उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म किया। घटना के बारे मे आरोपित ने किसी को बताने पर बुरा अजाम भूगतने की धमकी दी। पीडिता की मां की शिकायत पर महिला थाना पुलिस ने कोच कृष्ण के खिलाफ अपहरण, बधक बनाने, दुष्कर्म करने समेत विभिन्न धाराओ के तहत मामला दर्ज कर आरोपित को गिरफतार कर लिया था।

## खबर संक्षेप

### पीएम की गारंटी पर देश को पूरा यकीन : संदीप

**उचाना।** भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष संदीप आर्य घोघड़िया ने कहा कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव को लेकर संकल्प पत्र हर वर्ग का ध्यान में रखकर जारी किया गया है। किसान, गरीब, महिला एवं युवा पर विशेष फोकस किया गया है ताकि इनको खुशहाल किया जा सकें। संकल्प पत्र में चार वगारें पर विशेष फोकस किया गया है। देश की जनता को पीएम नरेंद्र मोदी की गारंटी पर यकीन है।

### 22 को होगा राम-श्याम संकीर्तन का आयोजन

**उचाना।** श्रीराम परिवार युवा सेवा समिति उचाना मंडी द्वारा हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर 22 अप्रैल को तीसरा राम-श्याम मासिक संकीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। समिति सदस्य रितिक गर्ग ने बताया कि शहर की लाला प्रभुदयाल चौधरी धर्मशाला में कीर्तन का आयोजन होगा। समाज सेवी एवं तेरापंथ जैन भवन के प्रधान लाला रामनिवास जैन मुख्य अतिथि होंगे।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** नरवाना से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नरवाना निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 20 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नही लगा।

### सृष्टि का खोया-खोया चांद कार्यक्रम 28 को

**जींद ।** शहर की जानी मानी समाजसेवी संस्था सृष्टि फाउंडेशन द्वारा शहर में 28 अप्रैल रविवार को सायं सात बजे गजलों भरी एक बेहद दिलकश महफिल खोया-खोया चांद कार्यक्रम का आयोजन करने जा रही है। सृष्टि फाउंडेशन के प्रवक्ता बलविंदर सिंह के अनुसार यह कार्यक्रम शहर के अर्बन एस्टेट स्थित अग्रवाल धर्मशाला में सायं सात बजे शुरू होगा।

### वोट डालने के लिए प्रेरित करने में जुटी टीमें

**जींद।** जिला प्रशासन की ओर से मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला में लगातार स्वीप (व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी) गतिविधियां आयोजित कर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की प्रचार टीम वोट डालने जरूर जाएं।

### आरजीएम के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**उचाना।** राजीव गांधी महाविद्यालय उचाना के विद्यार्थियों ने चंडीगढ़ का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया। सीनियर लेक्चरार डॉ. राजेश श्योकंद की अगुवाई में विद्यार्थियों ने चंडीगढ़ में सुखना लेख, रॉक गार्डन, रोज गॉर्डन सहित विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया। डॉ. श्योकंद ने कहा कि इस तरह के भ्रमण महाविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को करवाए जाते है ताकि उन्हें देश की धरोहरों, प्रसिद्ध जगहों के बारे में पता चल सकें।

### डा. भीमराव के 134वें जन्मोत्सव पर कार्यक्रम

**जींद ।** संविधान निर्माता बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर के 134वें जन्मोत्सव पर गांव जाजवान में अंबेडकर सोसायटी जाजवान और दलित अधिकार मंच ने कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सोसायटी के सोनू और दलित अधिकार मंच के कुलविंदर ने संयुक्त रुप से की। कार्यक्रम में बच्चों ने गीत और कविताएं भी पढ़ी गई।

### छात्तर सब यार्ड पर गेहूं की आवक बढ़ी

**उचाना।** छात्तर सब यार्ड पर निरंतर गेहूं की आवक बढ़ रही है। सब यार्ड मंडी प्रधान राजा मोर छातर ने बताया कि मंडी में बेहतर व्यवस्था गेहूं खरीद की हो रही है। किसान साफ, सुखी फसल लेकर आ रहे है। मंडी में किसान की फसल आते ही बिक रही है। खरीद एजेंसी, मार्केट कमेटी प्रशासन के साथ-साथ किसानों का पूरा सहयोग आढ़तियों को मिल रहा है।

### मंदिर परिसर में आयोजित जागरण में झूमे श्रद्धालु

# हजारों श्रद्धालुओं ने माता भगवती की पूजा अर्चना कर मन्नतें मांगीं

### जयंती देवी मंदिर में मां भगवती के दर्शन करने के लिए पूरे दिन श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चैत्र नवरात्र की सप्तमी के मौकेपर सोमवार को जयंती देवी मंदिर में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने मां भगवती की पूजा अर्चना कर मन्नतें मांगी। जयंती देवी मंदिर में मां भगवती के दर्शन करने के लिए पूरे दिन श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। रविवार की रात मंदिर परिसर में मां भगवती का जागरण भी किया गया। जिसमें गायकों ने मां भगवती का गुणगान करके श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। हालांकि इस दौरान कुछ समय के लिए हंगामा भी हुआ।

इसके बाद सोमवार को अल सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी लाइनें लगनी शुरू हो गई थी। दिन निकलते-निकलते मंदिर परिसर में हजारों की संख्या में श्रद्धालु जमा हो गए तथा चारों तरफ मां भगवती के जयकारें गूंजने लगे। यह क्रम देर रात तक जारी रहा। श्रद्धालुओं की भीड़ के कारण मंदिर के सामने कई बार जाम की स्थित बन गई। इस मौके पर मेले का भी आयोजन किया गया जिसमें कई लोगों ने दुकानें लगाई थी। इन दुकानों पर महिलाओं तथा बच्चों ने जम कर खरीददारी की। श्रद्धालुओं को मां भगवती के दर्शन के लिए घंटों लाइन में लगना पड़ा। देवी के दर्शन के लिए दूरदराज से महिलाओं की टोलियां भजन गाते हुए दर्शन के लिए आए। मां भगवती के दर्शनों के लिए उमड़ी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस तथा मंदिर प्रबंध समिति के पदाधिकारियों को अच्छी खासी मशक्कत करनी पड़ी।



**जींद।** जयंती देवी मंदिर में मां भगवती के दर्शनों के लिए लगी लंबी लाइन व जयंती देवी मंदिर में मां भगवती के दर्शनों के बाद प्रसाद लेते हुए श्रद्धालु।

### श्रद्धालुओं ने खीर और पकोड़ों का खूब आनंद लिया

महाभारतकालीन जयंती देवी मंदिर में नवरात्रों की सप्तमी पर लगे मेले में दिन भर भंडारा चला। श्रद्धालओं को साबूदाने की खीर, हलवा और छौले का प्रसाद परोसा गया। मंदिर में नवरात्रों के दिनों के दौरान लगने वाले इस मेले में जींद ही नहीं, देश-प्रदेश भर से श्रद्धालु पहुंचते हैं। इस दिन मंदिर में मां की अर्चना का खास महत्व होने के कारण ही लाखों श्रद्धालु उमड़ते हैं।

### देवभूमि बनभौरी माता भ्रामरी धाम पर की पूजा-अर्चना



**उचाना।** देवभूमि बनभौरी माता भ्रामरी धाम पर सातवें नवरात्र पर श्रद्धालुओं ने मनोकामना पूर्ति के लिए पूजा-अर्चना की। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालु माता की पूजा-अर्चना के लिए पहुंचने लगे थे। नवरात्र में माता की सुबह, शाम की आरती सुनने का विशेष लाभ होता है। श्रद्धालुओं ने सुबह, शाम मंदिर में माता की आरती सुनी। काफी संख्या में श्रद्धालु आरती के दौरान मौजूद रहे। पूरे नवरात्र देश भर के विभिन्न रा'यों से श्रद्धालु माता भ्रामरी के धाम आते है। मंदिर पुजारी सुरेश कौशिक ने कहा कि अष्टमी के दिन व्रत रखने वाले श्रद्धालु कंजकों को भोजन करवा कर व्रतों को सम्पन्न करते है। इस दिन हलवा, पूरी, छोले का प्रसाद बनाया जाता है। देवभूमि बनभौरी में भी श्रद्धालु मनोकामना पूर्ण होने पर भंडारे लगाते है।

### जयंती मंदिर में लगा मेला, स्वयं सेवकों ने संभाली व्यवस्था

चैत्र नवरात्र की सप्तमी के मौकेपर जींद शहर की कुलदेवी जयंती देवी मंदिर में सोमवार को हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने मां भगवती की पूजा अर्चना कर मन्नतें मांगी। जयंती देवी मंदिर में मां भगवती के दर्शन करने के लिए पूरे दिन श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने ही स्वयंसेवक बनकर व्यवस्था को संभाला और पिछले वषारें की तरह इस मेले में भीड़ उमड़ने के बाद भी सड़क पर जाम नहीं लगने दिया। इन दुकानों पर महिलाओं तथा बच्चों ने जमकर खरीददारी की।


**नरवाना।** धरने में किसानों को सम्बोधित करते हुए।

## लघु सचिवालय में चल रहे धरने पर बैठक आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

सोमवार को 725 वें दिन भी नरवाना तहसील कार्यालय में संयुक्त किसान मोर्चे का धरना मास्टर बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा के नेतृत्व में जारी रहा। धरने की अध्यक्षता नफे सिंह मटोर ने की और मंच संचालन महेंद्र सिंह धर्मगढ़ ने किया। इस दौरान मंच सांझा करते हुए मास्टर बलजीत सिंह ने बताया कि मंगलवार को धरने की एक मिटिंग धरना स्थल पर ही होगी। जिसमें पुरे हल्के के गांव के लोग भाग लेंगे। आने वाला समय आप का है क्योंकि फेरों वाली रात आ चुकी है क्योंकि जिनका का आजादी के आंदोलन में कोई योगदान नहीं था जो अंग्रेजों की जी हजूरी किया करते थे, ब्रह्मा में आज़ाद हिन्द फौज के खिलाफ़ लड़ने के लिए भारतीयों को अंग्रेजों की फौज में भर्ती होने की अपील जनता से कर रहे थे उन्ही को आप ने मुगालते से आप ने सत्ता सौंप दी जिसका खामियाजा आज हमें भुगतना पड़ रहा है। हमने अपनी नस्ल और फसल बचाने के लाले पड़ गए हैं । वहीं सतबीर सिंह रिटायर्ड एसडीओ पंचायती राज ने अपने विचार रखते हुए कहा कि आज तो रोज चर्चा शुरू हो गई है कि संविधान बचेगा या नहीं । यह चिंता कल अम्बेडकर जयंती पर भी व्यक्त की गई जो कल हमने बड़ी धूम-धाम से मनाई थी ।

### नियमों के विरूद्ध चुनाव प्रचार सामग्री प्रकाशित न करें

**जींद ।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने जिला के प्रिंटिंग प्रेस मालिकों को निर्देश दिए हैं कि वे बिना जांच पड़ताल व नियमों के विरूद्ध जाकर कोई भी चुनाव प्रचार सामग्री प्रकाशित न करें। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान मुद्रक व प्रकाशक के नाम के बिना चुनाव से संबंधित पम्पलेट व पोस्टर आदि छापना जनप्रतिनिधि अधिनियम 1951 की धारा 127 ए का उल्लंघन है और ऐसा करने वाले प्रिंटर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा.188 के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को यह भी निर्देश दिए हैं कि चुनाव से संबंधित हर सामग्री पर मुद्रक व प्रकाशक का नाम अवश्य छापें। उन्होंने कहा कि भारतीय चुनाव आयोग ने लोकसभा उम्मीदवारों के खर्च की सीमा निर्धारित की हुई है।

## अभिभावक व शिक्षक एक गाड़ी के दो पहिये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

बच्चों के सवांर्गीण विकास के लिए अभिभावक और अध्यापक दोनों का सहयोग जरूरी है। दोनों का लक्ष्य बच्चों का विकास है। इसलिए अभिभावक और अध्यापक दोनों एक ही गाड़ी के दो पहिए है। गाड़ी को मंजिल तक पहुंचाने के लिए दोनों पहियों का तालमेल जरूरी है। यह उद्गार रश्मि विद्यार्थी प्राचार्या डीएवी पब्लिक स्कूल जींद स्कूल में आयोजित अभिभावक सभा में किया। उन्होंने कहा कि सरकार और डीएवी संस्थान बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और विकास के लिए चिंतित है। अभिभावकों ने आशा और विश्वास के साथ बच्चों को डीएवी स्कूल में भेजा है उसे पूरा करना प्रत्येक अध्यापक का उद्देश्य है। उन्होंने बच्चों के अभिभावकों से अपील की कि अपने बच्चों की सुरक्षा के लिए स्कूल बस को महत्व दें। स्कूल में बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रत्येक प्रकार के प्रबंध किए हुए हैं। बच्चों की शिक्षा के लिए कोचिंग स्कूल टीचर द्वारा दी जाएगी। सभी कमरों में एसी लगाए गए हैं, फ्रेंच भाषा को शुरू किया गया है, बच्चों का होमवर्क भी प्राइमरी तक स्कूल में कराया जाएगा तथा दोनों हाथों से लिखने की विद्या का विकास किया जाएगाए ऐसा करने वाला यह एकमात्र स्कूल है।


**जींद।** डीएवी स्कूल में मीटिंग के दौरान मौजूद अध्यापक और अभिभावक।

### पुलिस ने गांव पोली में लगाया नशा मुक्ति कैंप

**जुलाना।** जुलानाक्षेत्र के पौली गांव में पुलिस प्रशासन ने नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी नवीन मोर ने शिरकत की। शिविर के पहले दिन गांव के करीब 15 युवाओं ने शिविर मे भाग लिया व नशे की लत से छुटकारा पाने के लिए अपना रजिस्ट्रेशन करवाया। नशा मुक्ति टीम प्रभारी उपनिरीक्षक नरेश ने बतलाया की टीम ने गांव पोली में डोर टू डोर सर्वे कर अब तक 20 लोगों की पहचान की है जो ड्रग की लत प्रभावित है, जिनमें से 15 युवाओं ने उपचार के लिए अपना रजिस्ट्रेशन करवाया है। उन्होंने कहा कि ड्रग प्रभावित गांवों मे सुधार के लिएए नशे की लत में पड़े युवाओं को मुख्य धारा से जोड़ें।

## स्वस्थ शरीर में स्वस्थ्य मन का वास : ढांडा

- गांव संगतपुरा में जिम के उद्घाटन करने के साथ दिया जिम का सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

ढांडा खाप एवं चतर सिंह धर्मार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष देवव्रत ढांडा ने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का वास होता है। योग, खेल के माध्यम से शरीर को स्वस्थ रखा जा सकता है। देवव्रत ढांडा सोमवार को गांव सगतपुरा में जिम का उद्घाटन करने के बाद ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। जिम का पूरा सामान चतर धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा उपलब्ध करवाया गया है। ग्रामीणों द्वारा उनका स्वागत करते हुए सम्मान की प्रतीक पगड़ी तथा स्मृति चिन्ह भेंट किया। उन्होंने कहा कि भागदौड़ के समय में हम खुद की सेहत के लिए समय नही दे पाते। जबकि शरीर का स्वस्थ्य होना बहुत जरूरी है। युवाओं को वर्कआउट करने के लिए बाहर जाना पड़ता था। गांव के सरपंच प्रतिनिधि सुनील ने गांव के युवाओं के लिए जिम खोलने की अपील की थी। जिम का निर्माण कार्य पूरा होने के साथ उसमे मशीने व अन्य सुविधा उपलब्ध करवा दी गई है ताकि युवाओं को वर्कआउट करने के बाहर न जाना पड़े। खिलाड़ी अपना वर्कआउट जिम में कर सकते हैं।


**जींद।** ढांडा खाप एवं चतर सिंह धर्मार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष देवव्रत ढांडा को सम्मानित करते ग्रामीण।

## 18 वर्ष से अधिक आयु के नौजवानों को बीसीजी की बूस्टर डोज लगाई जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

देश को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त बनाने की और देश के स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक नई स्कीम शुरू की गई है जिसके तहत 18 वर्ष से अधिक आयु के नौजवानों को बीसीजी की बूस्टर डोज लगाई जाएगी, जिससे उनको टीबी होने से बचाया जा सके। यदि परिवार के किसी सदस्य को टीबी हो जाये तो उसके इन्फेक्शन से बचाव के लिये बाकी सभी सदस्यों को भी दवाईयां दी जाएगी ताकि वह टीबी के संक्रमण से बच सके। वहीं 18 वर्ष से उपर की उर्म वालों को बुस्टर डोज लगाई जाएगी ताकि वह भविष्य में टीबी जैसी बिमारी से अपना बचाव कर सके और छोटे बच्चों को बच्चों वाली डोज दी जाएगी। इस दौरान वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ बिन्दलिस ने बताया कि उनके पास टीबी जांच की सुविधा उपलब्ध है और लगभग 50 लोगों का इलाज चल रहा है। नरवाना के 57 गांवों में लगभग 250 मरीज इस बिमारी की चपेट आये हुए हैं जिनका विभिन्न चिकित्सा सेंटरों पर इलाज चल रहा है। यह कोई लाइलाज बीमारी नहीं है यदि मरीज समय से दवाई ले तो वह पुरी तरह ठीक हो जाता है।


**नरवाना।** टीबी से पिडित मरीज के परिवार के सदस्य को दवाई देते हुए।

## साइंस क्विज गैलरी का अवलोकन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

सोमवार को मॉडल संस्कृति स्कूल बेलरखा में हो रहे शैक्षणिक प्रयोगों को देखने के लिए सफीदों मॉडल संस्कृति विद्यालय के प्राचार्य डॉ योगेंद्र पाल के नेतृत्व में विद्यालय का स्टाफ पूरे जोश के साथ बेलरखा पहुंचा। विद्यालय पहुंचने पर हरियाणा एजुकेशन ऑफिसर एसोसिएशन के डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट एवं विद्यालय के प्राचार्य बलजीत गोयत ने अपने साथियों के साथ सफीदों की टीम का स्वागत किया। इसके बाद सफीदों के स्टाफ ने साइंस पैनोरमा, फिजिक्स लैब, केमिस्ट्री लैब, बायो लैब, मैथ लैब, खेल प्रयोगशाला, लैंग्वेज लैब, जनरल साइंस लैब, मिड डे मिल, रिया पुस्तकालय, एस्ट्रोनॉमी लैब, आईटी लैब, बैंकिंग एंड फाइनेंस लैब और सबसे रोचक साइंस क्विज गैलरी का अवलोकन किया। विद्यालय में बने फुटबॉल ग्राउंड जो की फ्लड लाइट से सुसि'जत है देखकर सफीदों की टीम ने स्टाफ की जमकर प्रशंसा की। स्कूल का भव्य प्रांगण और स्टेज सफीदों की टीम को बहुत पसंद आई।



**नरवाना।** सांइस लैब को देखते हुए टीम।


**जुलाना।** विजेता टीम को सम्मानित करते हुए प्राचार्य।

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

**जुलाना।** जुलानारू राजकीय महाविद्यालय जुलाना के अर्थशास्त्र विभाग तथा प्लेसमेंट सेल के द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य डा. यशपाल सिंह ने की। प्रतियोगिता में 21 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रत्येक टीम में तीन विद्यार्थी रहे। प्रथम स्थान पर कुसुम, प्रीति, शीतल, द्वितीय स्थान पर राशि, अनुराग, नेहा तथा तृतीय स्थान पर सविता, सुमन, मनजीत की टीम रही। प्राचार्य डा. यशपाल ने बताया कि इस तरह की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के सवांर्गीण विकास के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। अर्थशास्त्र विभागाध्यक्षा और प्लेसमेंट प्रभारी सोनिया ने बताया कि विद्यार्थियों ने इस दौरान खुद को बहुत उत्साहित, अभिप्रेरित महसूस किया। इस दौरान सरोज और अप्रेंटिस रोहित और अनिल मौजूद रहे।

### काव्य उत्सव विशेष काव्य गोष्ठी का आयोजन

# हम जिंदगी को यूं ही समझते हैं दोस्तों....

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हिंदी भवन में बैसाखी पर्व के सुअवसर पर हिंदी साहित्य प्रेरक संस्था पंजीकृत जींद एवं राष्ट्रीय कवि संगम के संयुक्त तत्वावधान में काव्य उत्सव विशेष काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी में बतौर मुख्यअतिथि सुरेंद्र शर्मा व बतौर अध्यक्ष डा. रणवीर कौशल रहे। हिंदी साहित्य प्रेरक संस्था जींद की अध्यक्षा शकुंतला काजल शकुन व महासचिव बलराज स्नेही के अतिथि स्वागत से पूर्व मां सरस्वती की वंदना करते हुए दीप प्र'वलित किया गया। तत्पश्चात विशेष काव्य गोष्ठी की शुरुआत में हरबंस रल्हन की कविता हम जिंदगी को यूं ही समझते हैं दोस्तों, पर जिंदगी का खास मकसद है दोस्तों से शुरू हुआ। इसी के साथ लफ्ज़ों को तहजीब लिखना इतना भी आसान नहीं, कविता गजलें गीत सुनना इतना भी आसान नही, विनोद वत्स करनाल द्वारा प्रस्तुत की गई। मैं फैर देखणा चाहूं वो सीधा-सादा बाणा रै, के कहै ग्या म्हारा हरयाणा रै, के कहै ग्या म्हारा हरयाणा रै, विपिन संधू ने बड़े ही मीठे स्वभाव में प्रस्तुति दी। पानी और साफ हवा भी बिकते हमने देखा है, हां हमने यह बदलता जमाना, जमाना देखा है की संदीप कौशल ने बखूबी प्रस्तुति की। मन्नै आवै सै खाब शहीदां के दिखै जलियांवाला बाग आज दिल में लगा दी कवि आजाद जुलानी ने बड़े ही करुणामयी भाव से गीत प्रस्तुत किया।



**जींद।** काव्य गोष्ठी में भाग लेते हुए कवि।

### शहीद लौट कर नहीं आता

इसी के साथ-साथ दिनेश शर्मा ने उसने सहारा मांगा मैंने अपना हाथ थमा दिया, उसने उजाला चाहा मैंने अपना घर जला दिया कविता प्रस्तुत की। शहीद लौट कर नहीं आता जन्नतों में सीधा जाता है, जलियांवाले बाग को आज भी सजदा, धरा को चूम लूं यह जी चाहता है मंजू मानव ने सुनाई। मैंने कुछ लोग खास देखें, मैंले कुचैले लिबास देखे, सोनिया पांचाल ने अपनी कविता को प्रस्तुत किया। इस काव्य गोष्ठी में आठ वर्षीय नन्ही कवयित्री समायरा कौशल ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि प्रस्तुत करते हुए शहीद कैप्टन पवन के जीवन पर कविता प्रस्तुत की।


**उचाना।** सुदकैन कलां में आयोजित मीटिंग।

### सुदकैन कलां के लोग मिलकर बनाएंगे लाइब्रेरी

**उचाना।** स्वतंत्र समूह सेवा एवं केयूके पूर्व छात्र एसोसिएशन की मीटिंग गांव सुदकैन कलां में हुई। मंच संचालन पिंकी श्योकंद ने किया। गांव के गणमान्य लोगों, युवाओं, बुजुगारें एवं महिलाओं ने भाग लिया। मीटिंग का मुख्य उद्देश्य गांव मे लड़कियों के लिए लाइब्रेरी का निर्माण करवाना था। सभी ने सर्वसम्मति से लाइब्रेरी बनवाने का प्रस्ताव पास किया। गाँव की बेटी रचना जो सीआरएसयू जींद की गोल्ड मेडलिस्ट है ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि लड़कियों की शिक्षा के लिए ये बहुत ही जरूरी था। गांव की लड़कियां को पढ़ने के लिए शहर जाना पड़ता है जिसे आने जाने में अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। छात्राओं के समय की बर्बादी होती है तो लाइब्रेरी फीस अलग से देनी पड़ती है। इस कार्य के लिए गांव के युवाओं, बुजुगारें एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने पूरा सहयोग करने का निर्णय लिया। स्वतंत्र समूह सेवा समिति के चेयरमैन प्रदीप मोर ने बड़ी सराहनीय बात है कि गांव के लोग मिलजुल कर बेटियों के लिए इस प्रकार काम कर रहे जो बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के नारे को बुलंद करती है। समिति के प्रधान कृष्ण श्योकंद ने बताया कि समिति पिछले एक साल से समाज सेवा के कामों में लगी हुई है और आगे भी इसी प्रकार के सामाजिक कार्य करती रहेगी। शिक्षा ,स्वास्थ्य, खेल एवं पर्यावरण मुख्य उद्देश्य रहेंगे।

## खबर संक्षेप

### नकदी और आभूषण चोरी के दो आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** सीआईए-1 पुलिस द्वारा नकदी व आभूषण चोरी करने के मामले में 2 आरोपियों को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मॉडल टाउन कैथल निवासी सुखविंद्र सिंह की शिकायत अनुसार उनका परिवार 31 मार्च को बाहर गया हुआ था। वो जब 1 अप्रैल को वापिस आए तो अज्ञात व्यक्ति द्वारा मकान का ताला तोडकर सोना चांदी जेवर व 35 हजार रुपये नकदी चुरा ली गई।

### अफवाह से निपटने के लिए ऑनलाइन प्लेटफार्म लांच

**कैथल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान अफवाहों सहित गलत सूचना के प्रसार से बचने और आदर्श आचार संहिता के प्रभावी क्रियान्वयन लिए आयोग की ओर से अफवाह या सच्चाई यानी मीथ या रियलिटी ऑनलाइन प्लेटफार्म लांच कर

### सिद्धि कला में होने वाले दीसोरी काज का निमंत्रण

**राजौंद।** अखिल भारतीय जाट सभा के जिला प्रधान सुभाष बडसीकरी के आवास पर पालम 360 के प्रधान रामकुमार सोलंकी व गठवाला खाप के राष्ट्रीय महासचिव अशोक मलिक पहुंचे। इस दौरान उन्होंने 22 अप्रैल को सिद्धि कला में होने वाले दीसोरी काज का निमंत्रण दिया। इस बारे पालम 360 की सरदारी ने अन्य सभी खापों को भी कैथल जिले में निमंत्रण दिया।

### गांव नीमवाला में मूर्ति स्थापना समारोह मनाया

**राजौंद।** गांव नीमवाला में मूर्ति स्थापना समारोह कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान भंडारे का आयोजन भी किया गया जहां आसपास के गांव के लोगों ने भी पहुंचकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा से 5 दिन पूर्व से विद्वान ब्राह्मणों द्वारा विधिवत पूजा करवाई जा रही थी। रविवार को गांव में कलश यात्रा का आयोजन किया गया।

### डा. भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती मनाई

**राजौंद।** जींद रोड पर स्थित श्री रविदास आश्रम में भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर की 133. वी जयंती मनाई गई। इसमें सभी ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहेब ने समाज को शिक्षित बनने, संगठित रहने तथा अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने का नारा दिया, जिससे समाज आज शिक्षा के क्षेत्र में आगे आया है।

### खुशी के अवसर पर पौधरोपण जरूर करें

**सीवन।** समाजसेवी एवं पर्यावरण प्रेमी अभिषेक मेहता ने कहा कि हम पौधा रोपण से अपने आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित कर सकते हैं। हम अपने लाभ के लिए पेड़ों की लगातार कटाई कर रहे हैं और पर्यावरण को नष्ट कर रहे हैं। हम पर्यावरण की पूर्ति केवल वन क्षेत्र को बढ़ा कर ही कर सकते हैं। हमें अपने घर में किसी भी खुशी जन्म दिवस, विवाह की साल गिरह के अवसर पर पौधा रोपण जरूर करना चाहिए। आज समाजसेवी अभी मेहता ने राजकीय प्राइमरी स्कूल नजदीक पटवार घर सीवन में पौधा रोपण किया।

---

दुर्व्यवहार करने का लगाया आरोप, किसानों ने काटा बवाल

# गेहूं की खरीद में नमी को लेकर की जा रही हेराफेरी

- एक घंटा तक बंद रहा गेहूं खरीद का कार्य
- उपायुक्त के समझाने पर माने किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड

अदानी साइलो सैंपल लैब अधिकारी के बीच नमी की मात्रा में हेरा फेरी को लेकर किसानों ने जमकर हंगामा किया। इस कारण करीब 1 घंटा तक खरीद कार्य बंद रहा। बाद में नायब तहसीलदार व सब इंस्पेक्टर रमेश कुमार के समझाने से किसान शांत हुए। इसके बाद सुचारू रूप से चल सका कार्य। किसान राहूल जाजनपूर, नरपाल, लाडी, चरणजीत फरल, रिंकू महदूद, रामगोपाल फरल, राजेंद्र फरल आदि किसानों ने बताया कि अडानी साइलो में गेहूं की नमी की मात्रा को लेकर ट्रालियों को रिजेक्ट किया जा रहा है जब किसान सैंपल लैब में बैठे अधिकारी से बातचीत करते हैं तो वे उन से अभद्र व्यवहार करने पर उतारू हो जाते हैं। किसान कई कई घंटे लाइन में खड़ा होकर तुलाई कांटे व सैंपल लैब पर पहुंचता है तो वहां पर गेहूं में नमी की मात्रा अधिक बता कर उसे रिजेक्ट कर देते हैं इसमें किसान का क्या कसूर है। किसानों ने बताया कि सैंपल लैब में जो गेहूं की नमी की मात्रा की जांच करता है वे किसानों के साथ अक्सर दुर्व्यवहार करता है। किसानों का कहना है कि अगर अडानी साइलो में इसी तरह किसानों के साथ व्यवहार किया गया तो हमें अडानी में गेहूं नहीं डालनी हमें अनाज मंडी में गेहूं तुलाई के लिए वारदाना दिया जाएं। किसानों ने बताया कि एक तो अडानी साइलो में गेहूं डालने के लिए 4 हजार से 5 हजार रुपए तक किराया देकर आना पड़ रहा फिर कई घंटे लाइन में खड़े रहकर जब गेहूं में नमी की मात्रा अधिक बता कर उसे रिजेक्ट कर दिया जाता हैं तो किसान उसके बाद गेहूं को लेकर कहा जाएं । किसानों का कहना कि अगर अडानी साइलो में गेहूं के सैंपल को लेकर अपने अधिकारियों के रैवय को ठीक नहीं किया तो वे कठोर कदम को उठाने को बाध्य होंगे जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।



ढांड। गेहूं रिजेक्ट होने को लेकर साइलो अदानी के अधिकारियों से बातचीत करते किसान।

#### गेट पर ही हो गेहूं के सैंपल की सुविधा

*किसानों का कहना है कि जहां पर अडानी साइलो द्वारा गेहूं के सैंपल के लिए लैब बनाई हुई है उस तक पहुंचने के लिए कई घंटे किसानों को लाइन में लगना पड़ता है अगर फिर सैंपल फैल हो जाता है तो किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। किसानों ने कहा कि गेहूं के सैंपलिंग की सुविधा अडानी साइलो के गेट पर ही होनी चाहिए ताकि किसानों का समय बच सके और उन्हें वहीं पता चल जाएं की गेहूं की सैंपलिंग पास है।*

#### ट्रालियों को किया रिजेक्ट

किसानों ने बताया कि गेहूं में नमी की मात्रा को लेकर ज्यादातर ट्रालियों को रिजेक्ट किया जा रहा है जिस कारण मंडी में गेहूं सुखाने को लेकर उन्हें मजबूरीवंश 50 रूपए प्रति क्विंटल के हिसाब मजदूरों को मजदूरी देनी पड़ रही है इसके इलावा मंडी से अडानी तक का किराया।

---

# मतदान में भागीदारी का महत्व बताया

- चौधरी ईश्वर सिंह कन्या कालेज में बनाया लोकसभा चुनाव महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



पूंडरी। चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय में मतदान महोत्सव में भाग लेती छात्राएं।

चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय फतेहपुर पुंडरी में इलेक्शन सेल की तरफ से छात्राओं को मतदान और चुनाव सहभागिता के लिए जागृत करने हेतु लोकसभा चुनाव महोत्सव मनाया गया। इसमें एक सप्ताह तक चुनाव सहभागिता पर स्वीप गतिविधियों (प्रतियोगिताओं) का आयोजन किया गया। कार्यक्त्रम का शुभारंभ कार्यवाहक प्राचार्य डा. अमित राणा ने दीप प्रज्ज्वलित कर के किया। इलेक्शन सेल की संयोजिका डा. पुष्पा रानी ने सभी प्रतिभागी छात्रों को कार्यक्त्रम की रूपरेखा से अवगत कराया।

और मंच का संचालन डा. सीता रानी ने किया। सोमवार 8 अप्रैल से इस कार्यक्त्रम की शुरुआत पोस्टर मेकिंग और निबंध लेखन प्रतियोगिता के साथ की गई। दूसरे दिन गायन और नृत्य की प्रतियोगिता के द्वारा छात्रों को जागरूक किया गया। तीसरे दिन डिबेट और क्विज की प्रतियोगिताओं के द्वारा चुनाव आयोग, चुनाव प्रक्त्रिया आदि के द्वारा छात्राओं को मतदान में भागीदारी की मेहता को समझाया।

### कल मनाया जाएगा श्री रामनवमी उत्सव

**कैथल।** श्री सनातन धर्म मंदिर कोठी गेट कैथल में 17 अप्रैल को सांय 3:00 बजे श्री राम नवमी उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में 108 महिलाएं सुंदर कांड का पाठ करेंगी। जो महिलाएं सुंदर कांड का पाठ करेंगे उन्हें एक-एक लकी कूपन दिया जाएगा। इसका ड्रा कार्यक्रम की समाप्ति पर निकाला जाएगा।आओ देखें भगवान राम की चांदी की प्रतिमा किसके घर विराजमान होती हैं। मास्टर श्याम सुंदर गॉड और विश्वजीत की टीम भगवान राम के भजनों का गुणगान करेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा वरिष्ठ नेता अजीत चहल कलायत वाले होंगे। कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे। जो बहन सुंदरकांड के पाठ में भाग लेना चाहे वह अपना नाम सभा के कार्यालय में लिखवा सकती है।

### यूजी अर्थशास्त्र के विद्यार्थियों को दी विदाई



**कैथल।** आरकेएसडी कॉलेज कैथल की अर्थशास्त्र एसोसिएशन ने अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सूरज वालिया के मार्गदर्शन में कॉलेज में यूजी फाइनल अर्थशास्त्र के विद्यार्थियों के लिए विदाई पार्टी का आयोजन किया। प्राचार्य संजय गोयल ने विद्यार्थियों को कॉलेज में तीन वर्ष पूरे करने पर बधाई दी तथा उनके सफल करियर और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस विदाई पार्टी में बीए द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा कनिष्का और वनीशिखा तवर ने मंच संचालन किया। छात्र और छात्राओं ने समूह नृत्य प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने कॉलेज प्राचार्य को प्रेम के प्रतीक के रूप में पौधा भेंट कर स्वागत किया। आयोजकों ने अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए खेलों का भी आयोजन किया। विद्यार्थियों ने कई अन्य सांस्कृतिक गतिविधियां भी प्रस्तुत कीं तथा कॉलेज में रहने के दौरान के अपने अनुभव भी साझा किए। इस अवसर पर डॉ. रितु वालिया, डॉ. जयबीर धारीवाल और श्री यशपाल भी मौजूद थे।

---

# डा. अंबेडकर ने दिलाया महिलाओं को बराबरी का अधिकार : प्रेम सिंह जांगड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



डा. अंबेडकर जयंती पर समाज के लोगों को सम्मानित करते पदाधिकारी।

संविधान निर्माता भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती एसआरडी स्कूल प्रताप गेट में प्रेम सिंह जांगड़ा की अध्यक्षता में बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। इसका आयोजन हर वर्ष की तरह इस बार भी एस. सी., बी.सी. एकता मंच कैथल द्वारा किया गया। सबसे पहले मुख्य अतिथि व गणमान्य लोगों द्वारा बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।इस समारोह में बाबा साहब की जीवनी पर बच्चों व गायकों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जो बहुत ही सराहनीय , शिक्षा से प्रेरित व प्रेरणादायक था जिसकी सभी उपस्थित लोगों ने प्रशंसा की। इस अवसर पर सभी कक्षाओं में अव्वल आने वाले बच्चों, सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले तथा स्कूल के सभी स्टाफ सदस्यों को भी सम्मानित किया गया। एस सी, बीसी एकता मंच द्वारा मुख्य अतिथि व अन्य विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि मान्यवर कर्मवीर सिंह बौद्ध ने अपने संबोधन में कहा की बाबा साहब ने सभी देशवासियों के लिए समता मूलक समाज व शिक्षा पर विशेष रूप से जोर दिया।

# मोदी के सपनों को साकार करने में अपना योगदान दें

- भाजपा उम्मीदवार नवीन जिंदल को कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र की जनता का मिल रहा है पूरा समर्थन : सावित्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड



पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत करते नफे सिंह कसाना साथ जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर व अन्य

हरियाणा की पूर्व मंत्री एवं भाजपा नेत्री सावित्री जिंदल ने कहा कि आगामी 25 मई को कमल के फूल पर वोट देकर कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार नवीन जिंदल को भारी मतों से जिताएं और नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपनों को साकार करने में अपना योगदान दें। पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल आज कस्बा ढांड में सेवानिवृत्त प्रिंसिपल नफे सिंह कसाना के प्रतिष्ठान पर ग्रामीण व कार्यकत्ताओं को संबोधित कर रही थी। यहां पहुंचने पर सेवानिवृत्त प्रिंसिपल नफे सिंह कसाना ने सैकड़ों ग्रामीणों के साथ सावित्री जिंदल का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस मौके पर विशेष रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर ढांड, पूर्व विधायक तेजवीर सिंह, प्रो. दिनेश कौशिक, पूर्व सरपंच पवन कसाना, पूर्व सरपंच प्यारे लाल, जसबीर सोलूमाजरा आदि मौजूद थे। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सावित्री जिंदल ने कहा कि आज देश व प्रदेश में भाजपा की लहर चल रही है और देश की कमान तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में जनता सौंपने का संकल्प कर चुकी है। सावित्री जिंदल ने कहा कि 30 साल पहले पूर्व मंत्री ओ.पी. जिंदल ने कैथल से उनका नाता जोड़ा था, जिसे निभाने के लिए वह सदैव तत्पर हैं और अपने पिता स्व. ओ.पी. जिंदल के दिखाए मार्ग पर चलते हुए 2 बार कुरुक्षेत्र से सांसद रहते हुए नवीन जिंदल ने दिन रात जनता की सेवा की है। उनके द्वारा करवाए गए कार्यों के लिए आज भी नवीन जिंदल को हर घर में याद किया जाता है। उन्होंने कहा कि भाजपा उम्मीदवार नवीन जिंदल को कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से जनता का पूरा समर्थन मिल रहा है।

---



### स्वास्थ्य के प्रति सजग रहकर हर बीमारी से बचाव कर सकते हैं हम: डा. चित्रेश अग्रवाल

**कैथल।** सही खान-पान व स्वास्थ्य के प्रति सजग रहकर हम हर बीमारी से बचाव कर सकते हैं। उपरोक्त विचार वरिष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ चित्रेश अग्रवाल ने सीनियर सिटीजन वैलफेयर सोसायटी कैथल की मासिक बैठक में वरिष्ठ नागरिकों को कैंसर के प्रति जागरूक करते हुए प्रकट किए।मंच संचालन करते हुए महासचिव धन सचदेवा ने बताया कि प्रधान नरेंद्र निझावन व मुख्य संरक्षक महेश दुआ जी की अध्यक्षता में मन्नत होटल में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। इजसमें सर्वप्रथम गायत्री मंत्र के उच्चारण के बाद श्रीमती शकुंतला निझावन,रामलाल कालड़ा,आई डी अरोड़ा मनोहर लाल आहूजा, रुपलाल गम्भीर ने भजनों से सदन को आनंदित किया। प्रधान नरेंद्र निझावन ने गत माह में सम्पन्न संस्था के वार्षिक स्थापना दिवस समारोह की सफलता में योगदान हेतु सदस्यों का आभार व्यक्त किया व मुख्य अतिथि डॉ चित्रेश अग्रवाल का परिचय दिया। मुख्य संरक्षक महेश दुआ ने अपने चिर-परिचित शायरी अंदाज में सदन तथा मुख्य अतिथि का अभिनंदन किया।इस बैठक में अप्रैल माह में जन्मे साथियों श्रीमती सुनील कुमारी, सुशीला सहगल,भागवंती कुकरेजा, बिमला खुराना,चरणजीत सरदाना, अर्जुन लाल गेरा,हरिचंद पुनयानी, अनिल चोपड़ा, देवेन्द्र आहूजा, बालमुकुंद अरोड़ा का जन्मदिन व मनोहर लाल आहूजा,ओमप्रकाश गोगिया की शादी की सालगिरह को हर्षोल्लास पूर्वक मनाया।

# आमजन को नशे के खिलाफ किया जागरूक

- नशे के प्रति जागरूक करने के साथ साथ अभियान को सफल बनाने में आमजन से सहयोग की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। ग्रामीणों को जागरूक करते पुलिस कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

पुलिस टीम द्वारा कैथल जिले में आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी मुहिम तहत जागरूकता टीम में शामिल एचसी सुनील कुमार द्वारा डोर टू डोर अभियान चलाकर पहाड़पुर, चक्कु लदाना, सैर, प्रभोत, वार्ड नं 11 चीका, गांव सुल्तानिया, सुल्तानिया प्लाट व अनाज मंडी चीका में मौजिज व्यक्तियों सहित आमजन को नशे के प्रति जागरूक करने के साथ साथ इस अभियान को सफल बनाने में आमजन से सहयोग की अपील की है। डीएसपी कुलदीप बेनीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि यह टीम गांव गांव जाकर हर दिन कार्यक्रम कर रही है। आमजन भी इस मुहिम में पुलिस का साथ दे रहे है तथा पुलिस की इस कल्याणकारी मुहिम की प्रशंसा कर रहे है। डीएसपी ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है, जो नशा किसी के लिए भी हितकारी नहीं हो सकता। नशे की लत में पड़ गया व्यक्ति अपने दृढ संकल्प से इस बुराई को छोड़ सकता है। पुलिस द्वारा जहां पर नशा तस्करों पर शिकंजा कसा जा रहा है, वहीं पर पुलिस द्वारा नशे के आदि व्यक्ति का नशा छुडवाने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। पुलिस द्वारा जिले में नशे से पीड़ित व्यक्तियों की काउंसलिंग करवाई जा रही है। डीएसपी ने कहा कि युवावर्ग को भी खेल या अन्य गतिविधि में बेहतरीन कार्य करके अपने माता पिता, गांव समाज का नाम रोशन करना चाहिए। नशा मुक्त व अपराध मुक्त समाज की स्थापना के लिए हम सभी को मिलकर कदम उठाने होंगे।

### कैंप में 399 यूनिट रक्तदान

**कैथल।** राजकीय आदर्श संस्कृत वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पूंडरी में राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट 399 के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर के मुख्यातिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी श्री गिरीश चंद्र कौशिक ने सर्वप्रथम सरस्वती देवी पर दीप प्रज्वलित करके और प्रथम रक्तदाता को बैंज लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने रक्तदाताओं का स्वागत और सहयोग किया।

**न्यायालय तहसीलदार कम-सब-रजिस्ट्रार, जीन्द**

तिलक राज पुत्र श्री गिरधारी लाल पुत्र श्री चुन्नी लाल निवासी मकान नम्बर 224/2, पंजाबी बाजार, जीन्द ।

**बनाम**

**जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि तिलक राज पुत्र श्री गिरधारी लाल पुत्र श्री चुन्नी लाल निवासी मकान नम्बर 224/2, पंजाबी बाजार, जीन्द ने अपने स्वर्गीय पिता गिरधारी लाल पुत्र श्री चुन्नी लाल निवासी मकान नम्बर 224/2, पंजाबी बाजार, जीन्द का स्वर्गवास दिनांक 25-01-2017 हो चुका है। वे अपने स्वर्गवास से पहले अपनी चल व अचल सम्पति बारे, जमीन जायदाद बारे कोई रजिस्टर्ड व अन-रजिस्टर्ड वसीयत छोडकर नहीं गये हैं। उनके नाम की तमाम जायदाद मनकुला / गैर मनकुला को किसी अन्य वारिसान के नाम स्थानान्तरण, मुन्तकिल, हिबा आदि करना चाहते है। स्व० श्री गिरधारी लाल पुत्र श्री चुन्नी लाल निवासी मकान नम्बर 224/2, पंजाबी बाजार, जीन्द के निम्नलिखित लिगली वारिसान इस प्रकार से है:

1- सुमीत्रा देवी विधवा पत्नी श्री गिरधारी लाल आधार कार्ड नम्बर 9908 3868 7724
2- तिलक राज पुत्र स्व० श्री गिरधारी लाल आधार कार्ड नम्बर 6942 8422 9104
3- दर्शना देवी पुत्री स्व० श्री गिरधारी लाल आधार कार्ड नम्बर 2760 9769 6981
4- चन्द्र प्रकाश पुत्र स्व० श्री गिरधारी लाल आधार कार्ड नम्बर 9211 9027 1077
5- मोहिन्द्र कुमार पुत्र स्व० श्री गिरधारी लाल आधार कार्ड नंम्बर 5551 7048 0087
6- राजकुमार भोला पुत्र स्व० श्री गिरधारी लाल आधार कार्ड नम्बर 6537 9368 2636
7- नारायण कुमार पुत्र स्व० श्री गिरधारी लाल आधार कार्ड नम्बर 8972 1754 3894
8- ललिता पुत्री स्व० श्री गिरधारी लाल हाल पत्नी हंसराज
आधार कार्ड नम्बर 7623 9863 6935

इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि स्व० श्री गिरधारी लाल पुत्र श्री चुन्नी लाल निवासी मकान नम्बर 224/2, पंजाबी बाजार, जीन्द के नाम की जायदाद उक्त वसीयत में वर्णित वारिसान / उत्तराधिकारीयों के बाबत कोई शक एवम एतराज हो तो वह स्वयं / अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर-2 इस कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस को अपनी आपत्ति पेश कर सकता है उक्त अवधि के बाद कोई भी दावा या क्लेम मान्य नहीं होगा तथा उपरोक्त दस्तावेजों व उनमें वर्णित तथ्यों के आधार पर जायदाद को स्थानान्तरण, मुन्तकिल, हिबा आदि रजिस्टर्ड कर दिया जायेगा ।

यह नोटिस बाबत इश्तहार दिनांक 15 अप्रैल-2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया है।

हस्ता/- पटवारी हल्का, जीन्द

---

कार्यक्रम | जनता के आशीर्वाद से नवीन जिंदल बनेंगे सांसद : कुलवंत बाजीगर

# भाजपा के विकास कार्यों पर तीसरी बार मोहर लगाएगी जनता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन



सीवन। भाजपा कार्यकर्ताओं व गणमान्य लोगों से बातचीत करते पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर। फोटो :हरिभूमि

पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर ने कहा कि भाजपा सरकार के नेतृत्व में देश व प्रदेश काफी उन्नति कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया हुआ है, जिसके चलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अनेक योजनाओं को क्त्रियान्वित किया है जिसका लाभ सीधे देश की जनता तक पहुंचा है। भाजपा सरकार प्रत्येक वर्ग और प्रत्येक जाति के उत्थान के लिए बहुत से कार्य किए है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा करवाए जा रहे कायार्ें से यह सुनिश्चित हो गया है कि देश में तीसरी बार भाजपा की बनेगी। पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर सोमवार को सीवन में भाजपा नेता लक्की मुंजाल के निवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले कुलवंत बाजीगर ने भाजपा नेता कृष्ण कुमार आनंद, बलविंद्र जांगड़ा, यशपाल राणा नंबरदार, गिरधारी मुंजाल, मास्टर लक्ष्मी नारायण मुंजाल, रिंकू मुंजाल व सैंकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा लोकसभा प्रत्याशी नवीन जिंदल के पक्ष में वोट की अपील करते हुए डोर टू डोर किया। कुलवंत बाजीगर ने कहा कि नवीन जिंदल हरियाणा की कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से 2 बार कांग्रेस के सांसद रह चुके हैं। वह पहली बार 2004 में कुरुक्षेत्र सीट से चुनाव जीते थे। 2009 में वो लगातार दूसरी बार यहीं से चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचे। जिंदल परिवार का कुरुक्षेत्र से बहुत पुराना और आत्मीय नाता रहा है। उन्होंने दावा किया है कि एक बार फिर कुरुक्षेत्र से भाजपा और नवीन जिंदल जी को भरपूर आशीर्वाद मिलेगा और हरियाणा की सभी 10 सीटें जीतकर हम 400 पार के लक्ष्य को पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रयासों से योजनाओं का लाभ लोगों को घर बैठे मिल रहा है। जातिवाद, क्षेत्रवाद को सीएम ने बिलकुल खत्म कर दिया है। मनोहर लाल ने 9 साल तक सरकार चलाई, उसके प्रति प्रो इंकमबेंसी है, एंटी इंकमबेंसी नहीं है। ऐसा हरियाणा में पहले कभी नहीं हुआ। हर वर्ग उनकी कार्यशैली से प्रसन्न है। जहां तक विरोधियों का सवाल है, विरोधियों का काम राजनीति करना है। विरोधियों की आलोचना में कोई दम नहीं है। झूठ आधारित है और कभी भी तथ्य पर बात नहीं करते।

### बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया नमन



**पूंडरी।** भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेदकर की जयंती वाल्मीकि टंकी मोहल्ला फतेहपुर के अंबेदकर भवन में बड़ी धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद नवीन जिंदल की माता सावित्री जिंदल एवं उनके साथ जिला अध्यक्ष अशोक गुर्जर विशेष रूप से पहुंचे। कार्यक्रम के संयोजक षि कुमार मंडल कोषाध्यक्ष एवं समाज के सम्मानित लोगों ने फूल माला एवं पुष्प गुछ देकर दोनों आए हुए मेहमानों का भव्य स्वागत किया एवं बाबा साहब के जय घोष लगाए गए। सबसे पहले सभी सम्मानित मेहमानो एवं समाज के सभी सम्मानित लोगों द्वारा बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर बाबा साहब को नमन किया गया। सावित्री जिंदल ने बाबा साहब द्वारा किए गए समाज सुधार के कायार्ें को बताया एवं उनके दिखाएं रास्ते पर चलने के लिए आग्रह किया। मंच संचालन राजेश चड्ढा जिला उपाध्यक्ष एस.सी. मोर्चा ने किया। कार्यक्रम में बाबा साहब के जय घोष से सारा हाल गूंजता रहा। लोगों में इस कार्यक्रम के प्रति काफी उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में मियां सिंह पूर्व पंच, रमेश चौहान पूर्व ब्लाक समिति सदस्य, पूजा रानी सदस्य पंचायत, रानी देवी पूर्व सदस्य पंचायत, रेखा रानी, सुल्तान वाल्मीकि, बृजपाल कोच, मास्टर विनोद, रिंकू टॉक व संदीप चड्डा मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

### जवाहर नवोदय विद्यालय में अभिनंदन समारोह

**कैथल।** जवाहर नवोदय विद्यालय तितरम में सोमवार को कक्षा छठी एवं नौवी के नए सत्र में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों के लिए अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में श्रुति शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में कविता ने शिरकत की। विद्यालय की प्राचार्या सुचिता गुप्ता व उप-प्राचार्य डालचंद गुप्ता ने स्कूल की उपलब्धियों के बारे में गहनता से जानकारी दी। मुख्यातिथि श्रुति शर्मा ने विद्यार्थियों का आह्वान कि सभी बच्चे एक लक्ष्य निर्धारित करके शिक्षा ग्रहण करें।

### चोर गिरोह ने गेहूं के 14 कट्टों पर किया हाथ साफ

**कलायत।** कलायत स्थित कृष्णा नर्सरी से रात्रि चोर गेंहू के 14 कट्टों पर हाथ साफ कर गए। घटना की सूचना मंडी व्यापारी कर्मवीर सिंह को सोमवार सुबह उस समय मिली जब वे अतिरिक्त गेहूं फीड का मुआयना कर रहे थे। उन्होंने बताया कि अनाज मंडी में स्थान अभाव के चलते अकसर बड़ी संख्या में व्यापारी कृष्णा नर्सरी और अन्य स्थानों पर गेहूं खरीद का कार्य पूर्ण करते हैं। इसी क्रम में उन्होंने भी कृष्णा नर्सरी परिसर में गेहूं डलवा रखा है।

### 78 हजार 774 मीट्रिक टन गेहूं की आवक

**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि जिला में विभिन्न एजैंसियों द्वारा गत दिवस तक 78 हजार 774 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद गई है। जिला में गेहूं की कुल आवक में से 23 हजार 939 मीट्रिक टन गेहूं खाद्य एंव आपूर्ति विभाग द्वारा, 26 हजार 880 हैफेड द्वारा तथा 27 हजार 955 मीट्रिक टन गेहूं हरियाणा वेयरहाउसिंग कोर्पोरेशन द्वारा खरीदा गया है। उन्होंने बताया कि अगोंध मंडी में 968 मीट्रिक टन, अरनोली में मंडी में 788 मीट्रिक टन, बाबा लदाना में 673 मीट्रिक टन गेहूं पहुंचा है।

### पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता रितू अव्वल, अंजलि द्वितीय

**अलेवा।** अलेवा के राजकीय महाविद्यालय में सोमवार को एंटी स्मोकिंग सैल के तत्वाधान में एक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। इसकी अध्यक्षता कार्यक्रम की संयोजिका शिक्षिका सुमन खटक ने की। इसमें मुख्य तौर पर प्राचार्या वीना कुमारी ने हिस्सा लिया। निर्णायक मंडल की भूमिका शिक्षिका प्रो. मधुबाला ने निभाई। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों के बीच मुकाबले कराए गए। इसमें छात्रा रितू प्रथम, अंजलि द्वितीय व प्रिती ने तीसरा स्थान हासिल किया।

### विद्यालय के विकास के लिए अनेक प्रकार के सुझाव दिए

**जींद।** गोपाल विद्या मंदिर विद्यालय में छात्रों की सुरक्षा को ध्यान रखते डीसी के आदेशानुसार सोमवार को विद्यालय प्रशासन अभिभावकों के लिए महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शिक्षक अभिभावक एसो की अध्यक्षा संगीता, उपाध्यक्षा प्रीति जैन, प्राचार्य बलबीर, भौतिक विज्ञान प्रवक्ता नरेंद्र व विभिन्न अभिभावक विशेष रूप से उपस्थित रहे। विभिन्न कक्षाओं में पढ़ने वाले छात्रों के अभिभावकों द्वारा विद्यालय के विकास के लिए अनेक प्रकार के सुझाव दिए गए।

# आज से सुबह आठ बजे खुलेगा नागरिक अस्पताल

- गर्मियों को देखते हुए ओपीडी समय में हुआ बदलाव, पहले नौ बजे से तीन बजे तक खुला रहता था अस्पताल
- मौसम में बदलाव से बढ़ी मरीजों की संख्या, लग रही मरीजों की लंबी लाइनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल व उपमंडल नागरिक अस्पतालों में मंगलवार से ओपीडी का समय बदल जाएगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा अस्पतालों में सुबह 8 बजे से ओपीडी की शुरूआत होगी और दो बजे तक चिकित्सक अपने कमरों में बैठ कर मरीजों की जांच करेंगे। जबकि सर्दियों में अस्पताल नौ बजे से तीन बजे तक खुला रहता था। गर्मियों को देखते हुए अब एक घंटा पहले ओपीडी की शुरूआत की जाएगी वह एक घंटा पहले छुट्टी होगी। ओपीडी के अलावा दवा लेने और टेस्ट कराने के समय में भी परिवर्तन हो गया है। वहीं दूसरी ओर गर्मी बढ़ते ही अस्पताल में मरीजों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। बदलते मौसम की वजह से बुखार, जुखाम, खांसी एवं अन्य बीमारियों से पीड़ित लोग अस्पताल पहुंच रहे हैं।

**आठ से दोपहर दो बजे तक खुलेगा अस्पताल**


जिला नागरिक अस्पताल व उपमंडल नागरिक अस्पताल में चेकअप के लिए ओपीडी पर्ची बनवाने का समय प्रातः 8 बजे से दोपहर दो बजे तक होगा। इसी तरह ओपीडी में दवा के लिए खुलने वाली खिड़की का समय प्रातः 8 बजे से दोपहर दो बजे किया गया है। वहीं अस्पताल में होने वाले विभिन्न तरह की टेस्ट के लिए लैब में सैंपल का समय भी सुबह आठ बजे से 11 बजे तक होगा। जबकि सर्दियों में पहले सुबह नौ से 12 बजे तक सैंपल लिए जाते थे और फिर दो बजे तक सैंपल रिपोर्ट दी जाती थी। अब आगामी 16 अक्टूबर तक नागरिक अस्पताल की ओपीडी टेस्ट एवं दवा लेने का समय अब यही रहेगा।



जींद। नागरिक अस्पताल में दवा के लिए लगी लोगों की लंबी लाइन। फोटो: हरिभूमि

**स्वास्थ्य व स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना चाहिए**

इस समय कभी गर्मी तो कभी ठंडी हवाओं के चलते मौसम लगाता परिवर्तनशील बना हुआ है। पिछले चार दिनों में ही बदलते मौसम के चलते सर्दी, खांसी, बुखार, वायरल के मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल की बात की जाए तो यहां प्रतिदिन 200 से 250 मरीज ऐसे पहुंच रहे हैं जिन्हें या तो बुखार है या फिर सर्दी या खांसी है। नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि वायरल बुखार के मुख्य लक्षण गले में खराश और कंपकपी, खांसी, जुखाम, तेज बुखार, थकान, जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों व बदन में दर्द, सिर और गले में दर्द, आंखें लाल होना आदि हैं। ऐसे में तुरंत प्रभाव से चिकित्सक की सलाह लेकर दवा लेनी चाहिए। बच्चों तथा वृद्धों के स्वास्थ्य व स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना चाहिए।



जींद। नागरिक अस्पताल में समय बदलाव का लगाया गया बोर्ड।

**आज से सुबह आठ बजे खुलेगा नागरिक अस्पताल**

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि अस्पताल में मंगलवार से ओपीडी का समय बदल गया है। जिला अस्पताल व उपमंडल अस्पतालों में ओपीडी सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक की जाएगी। इसके लिए सभी चिकित्सकों को आदेश जारी कर दिए गए हैं।

## बार एसोसिएशन ने डीसी को बताया तानाशाह

# कैंटीन को प्रयोग में लेने के मामले पर वकील व डीसी आमने-सामने

कहा- इसकी शिकायत राज्यपाल, मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव को करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

कैथल के जिला बार परिसर में लंबे समय से बंद पड़ी कैंटीन को प्रयोग में लेने के मामले पर उपायुक्त तथा बार एसोसिएशन के वकील आमने-सामने आ गए हैं। बार एसोसिएशन के प्रधान बलजिंदर सिंह मलिक ने सोमवार को प्रेस वार्ता के माध्यम से कैथल के उपायुक्त प्रशांत पंवार पर तानाशाही करने व गलत व्यवहार करने का आरापे लगाया। उन्होंने ने बताया कि एसोसिएशन ने इसके विरोध में सभी राजस्व अदालतों के बहिष्कार का फैसला किया है। बलजिंदर सिंह मलिक ने बताया कि बार परिसर में बनी कैंटीन काफी समय से बंद पड़ी है जिसमें गंदगी फैल गई है और पक्षियों ने अपने घोंसले बना लिए हैं। इस बारे में जिला बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी व अन्य वकील डीसी प्रशांत पंवार के पास गए और कहा कि हम कैंटीन के हाल का इस्तेमाल करना चाहते हैं क्योंकि वहां वकीलों के बैठने के लिए स्थान कम है। वकीलों ने यह भी कहा कि वे चाहें तो इस बारे में एफिडेविट ले लें कि जब वे चाहेंगे वकील कैंटीन का हाल खाली कर देंगे। प्रधान ने बताया कि इस पर डीसी ने मौखिक रूप से हामी भर दी और एसोसिएशन ने कैंटीन की अच्छी तरह से साफ सफाई करवा कर वहां पर वकीलों के बैठने की व्यवस्था कर दी। इसके बाद 9 अप्रैल को अचानक तहसीलदार और नायब तहसीलदार पुलिस बल के साथ वहां आए और कैंटीन को ताला लगा कर चले गए। इसे लेकर एसो. के सचिव गौरव वधवा ने उन्हें कहा कि कैंटीन को ताला मत लगाओ और प्रधान के आने की इंतजार करें, हम बैठकर बात कर लेंगे। आरोप है कि दोनों अधिकारियों ने सचिव के साथ बदतमीजी की। प्रधान के अनुसार इसके बाद जब वकीलों का डेलिगेशन कार्यकारिणी के सदस्यों के साथ डीसी से मिलने गया तो वे इस बात से साफ मुकर गए और कहा कि उन्होंने वकीलों को कैंटीन इस्तेमाल करने के लिए नहीं दी थी। प्रधान का आरोप है कि डीसी ने उनके साथ अच्छा बर्ताव नहीं किया। हालांकि वे डीसी से परमिशन लेकर कैंटीन में बैठने की व्यवस्था कर रहे थे लेकिन आज डीसी अपनी बात से मुकर गए। इसके बाद वकीलों ने एक बैठक की और डीसी, एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदार की अदालतों के बहिष्कार का फैसला कर दिया। मीडिया से बात करते हुए प्रधान ने कहा कि कोई भी वकील इनकी अदालतों में नहीं जाएगा। यदि कोई वकील उनकी अदालत में गया तो उस पर 11000 पर जुर्माना लगाया जाएगा। आरोप है कि राजस्व अदालतों के बहिष्कार के चलते डीसी ने वकीलों की गैर हाजिरी में विचाराधीन केसों को खारिज कर दिया। मलिक ने कहा कि यह डीसी का तानाशाही रवैया है जिसके बारे में वे राज्य के राज्यपाल, मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव को शिकायत करेंगे।



कैथल। बार एसो.के प्रधान बलजिंदर सिंह मलिक पत्रकारों से बातचीत करते हुए।

**किसी भी अधिवक्ता का अनादर नहीं किया**



कैथल के उपायुक्त प्रशांत पंवार ने कहा कि न्यायिक परिसर में जो लिटिगेंट हॉल की कैंटीन के हॉल पर कुछ अधिवक्ताओं ने अपना व्यक्तिगत कार्यालय बना लिया था, जो कि न्याय संगत नहीं है। इस बात से इस जगह की जो उपयोगिता है, वह बाधित हो रही थी। इसी बात को देखते हुए इस स्थान से कब्जा हटवा दिया गया था। इस बात को लेकर अधिवक्ताओं का एक शिष्ट मंडल 10 अप्रैल को मिलने आया था। उन सभी को कार्यालय में बुलाकर सम्मान सहित उनकी बात सुनी गई। वातार्लाप करते हुए जैसे ही उनसे बताईए भाई क्या मसला है? कहा गया तो भाई जैसे सम्मानजनक एवं आदरसूचक शब्द से उन्हें आपत्ति हुई। संज्ञान में आया है कि इस बात को लेकर कुछ अधिवक्ताओं ने एतराज जताते हुए कहा है कि उनका अनादर किया है। जबकि इस संदर्भ में नियमानुसार कार्रवाई की गई है। किसी भी अधिवक्ता का अनादर नहीं किया गया है।



अलेवा। अनाज मंडी में खरीद एजेंसियों द्वारा खरीदे गए पड़े दिखाई देते गेहूं के बैग।

# गेहूं के बैगों का उठान धीमा होने से अटी मंडी

- मार्केट कमेटी के रिकार्ड के अनुसार खरीदे गए दो लाख से अधिक में से 30 हजार का हुआ उठान
- परिवर्तनशील मौसम किसानों के लिए बना हुआ है परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अलेवा

अलेवा अनाज मंडी में गेहूं की फ सल की आवक जोरों से होने के साथ ही सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा खरीद भी सही प्रकार से की जा रही है, लेकिन सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा उठान कार्य धीमा होने से अनाज मंडी गेहूं के बैगों से अटी पड़ी है। इससे मंडी में अपनी फ सल लेकर आ रहे किसानों को गेहूं डालने में परेशानी हो रही है। मार्केट कमेटी के रिकार्ड के अनुसार अनाज मंडी में सोमवार तक सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा दो लाख से अधिक बैगों की सरकारी खरीद की जा चुकी है, लेकिन इनमें से आज तक लगभग तीस हजार बैगों का उठान कराया गया है।

मार्केट कमेटी सचिव विकास ढिल्लों ने बताया कि रविवार तक गेहूं के बैगों का उठान लेबर की कमी के कारण धीमा हो रहा था, लेकिन सोमवार से लेबर आदि की व्यवस्था होने के बाद सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा खरीदे गए बैगों के उठान में तेजी आई है। उन्होंने कहा कि सरकारी एजेंसियों द्वारा प्रतिदिन बीस हजार तक बैगों का उठान कराने की हिदायत दी गई है। मंडी में किसानों को फ सल आदि डालने में जगह आदि की कोई परेशानी नही आने दी जाएगी।

**सर्वसहमति से राजू ढुल पाई को चैयरमैन नियुक्त किया**

**कैथल।** कबड्डी विकास समिति कैथल की एक मीटिंग गांव ग्योंग में प्रधान सुमित चहल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस मीटिंग मे सोसाइटी के सभी सदस्य शामिल हुए। कबड्डी विकास समिति कैथल के सभी पदाधिकारी व सदस्य गणों ने सर्वसहमति से राजू ढुल पाई को चैयरमैन पद पर नियुक्त किया। ज्ञात रहे कि राजयसभा सांसद और पूर्व मंत्री कृष्ण लाल पंवार कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष और कुलदीप दलाल प्रांतीय चेयरमैन हैं। उनके नेतृत्व में लगभग 30 साल बाद पुरुष सीनियर नैशनल कबड्डी में हरियाणा की टीम ने गोल्ड मैडल जीता है और साथ ही लड़कियों की सब जूनियर नैशनल कबड्डी में भी गोल्ड मैडल हरियाणा की टीम ने जीता। नवनियुक्त चेयरमैन राजू पाई ने कहा कि उनका मुख्य लक्ष्य जिला कैथल में कबड्डी को हर युवा के जहन तक लेकर जाना है। उन्होंने कहा कि कबड्डी हरियाणा की जान है और उनका लक्ष्य रहेगा कि एसोसिएशन के सभी सदस्यों के साथ मिलकर अच्छे युवा लड़के और लड़कियों को तैयार किया जाए ताकि हरियाणा की तरफ से कबड्डी भारतवर्ष में अपनी छाप छोड़ सकें।



कैथल। कबड्डी विकास समिति कैथल के चेयरमैन राजू ढुल का स्वागत करते पदाधिकारी।

# 10 आयु वर्ग में कृतिका व रियांश ने मारी बाजी

- लीजेंड कराटे क्लब में 5 दिवसीय नेशनल कराटे प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

लीजेंड कराटे क्लब द्वारा नैशनल कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें अलग-अलग आयु वर्ग में प्रतिभागियों ने भाग लिया। चैंपियनशिप में हरियाणा, पंजाब, बिहार, दिल्ली व चंडीगढ़ के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस बारे जानकारी देते हुए अकादमी के कोच विकास डलवाल ने बताया कि 10 आयु वर्ग में कृतिका ने बाजी मारी। लड़कों में 10 आयु वर्ग में रियांश ने बाजी मारी। 14 लड़कों में अरुण सैनी ने गोल्ड मेडल जीता। 14 आयु वर्ग में खुशी अव्वल रही। 16 आयु वर्ग में लड़कों में बहादुरगढ़ के सचिन ने बाजी मारी। 16 आयु वर्ग लड़कियों में चंचल प्रथम स्थान पर रही और सीनियर कैटेगरी में अलीशा ने बाजी मारी और लड़कों में वैभव वालिया ने ओपन चैलेंज अपने नाम किया। सभी गोल्ड मेडलिस्ट को अकादमी की तरफ से 5100 की नगद पुरस्कार दिया गया और दूसरे व तीसरे स्थान पर आए खिलाड़ियों को टीशर्ट दी गई। कोच विकास ने बताया कि यह ओपन चैंपियनशिप उनके द्वारा हर साल करवाई जाती है, जिसमें खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार या फिर गिफ्ट साइकिल आदि दिए जाते हैं। प्रतियोगिता में ओवरऑल चैंपियन लीजेंड कराटे क्लब पूंडरी बना, दूसरे स्थान पर बहादुरगढ़ की टीम और तीसरे पर पंजाब की टीम रही। कोच मैनेजर व ऑफिशियल का भी सम्मान किया गया।



अव्वल रहे खिलाड़ियों को सम्मानित करते अकादमी के कोच विकास डलवाल।

# स्कूलों बसों पर हो रही कार्रवाई के विरोध में उपायुक्त से मिले निजी स्कूल संचालक

- डीसी की दो टूक : बच्चों के जीवन से नहीं होने दिया जाएगा खिलवाड़
- सभी कागजात, चालक ड्रेस में तथा सहायक जरूर होना चाहिए बस में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

स्कूल बसों पर हो रही कार्रवाई के विरोध में सोमवार को निजी स्कूल संचालक सोमवार को डीसी मोहम्मद इमरान रजा से मिले। यहां स्कूल संचालकों ने कहा कि उनकी बसों के चालान काटे जा रहे हैं, इसे रोका जाए। वह कुछ दिन में अपने सभी कागजात तथा नियमों को पूरा कर लेंगे। इस पर डीसी ने दो टूक कहा कि बस चालकों की ड्रेस के लिए एक-दो दिन का समय दिया जा सकता है लेकिन सभी बसों के जब तक कागजात पूरे नहीं होंगे, उनको सड़क पर नहीं चलने दिया जाएगा।

गौरतलब है कि महेंद्रगढ़ के कनीना में स्कूल बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से बच्चों की मौत के बाद प्रशासन लगातार स्कूल बसों को लेकर जांच अभियान चलाए हुए हैं। अबतक कई स्कूलों की बसों को जब्त किया गया है। क्योंकि उनके कागजात पूरे नहीं थे। इसके अलावा कुछ बस तो ऐसी थीए जो 2019 के बाद पास ही नहीं करवाई गई थी। पुलिस तथा शिक्षा विभाग की ताबड़तोड़ कार्रवाई से घबराए काफी संख्या में स्कूल संचालक डीसी मोहम्मद इमरान रजा से मिले। स्कूल संचालकों ने कहा कि यदि बस का चालक ड्रेस में भी नहीं मिलता है तो भी उसका चालान किया जाता है। इस प्रकार की छोटी-छोटी कमियों को नजरंदाज किया जाए। इसके बाद सभी स्कूल संचालक पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार से भी मिले।



डीसी मोहम्मद इमरान रजा से मिलने पहुंचे निजी स्कूल संचालक।

**अनफिट बसों के कटेंगे चालान : डीसी**

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि यदि फिटनेस, परमिट, स्पीड गवर्नर या कोई अन्य कागजात पूरे नहीं है तो कोई ढिलाई नहीं दी जा सकती है। ऐसी अनफिट बसों को सड़कों पर लाते ही चालान काटे जाएंगे। बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा। स्कूल संचालक कुछ परेशानियों को लेकर उनसे मिले थे। यदि बस चालक के पास ड्रेस नहीं है तो उनको एक-दो दिन का समय दिया जा सकता है। इसके अलावा बस का कहीं से पेंट उतर गया है तो उसके लिए भी एक-दो दिन का समय दिया जा सकता है।

### हरियाणा सीनियर व जूनियर कबड्डी चैंपियनशिप के लिए जिला की टीम का चयन गांव ग्योंग में 17 अप्रैल को

**कैथल।** कबड्डी विकास समिति कैथल के चेयरमैन राजू ढुल ने बताया कि जिला कैथल सीनियर व जूनियर कबड्डी टीम का चयन 17 अप्रैल को सुबह 9:00 बजे शहीद बलविंदर सिंह खेल स्टेडियम गांव ग्योंग में किया जाएगा। कबड्डी विकास समिति कैथल के सेक्रेटरी मनोज दलाल ने बताया कि चयनित टीम हरियाणा सीनियर स्टेट कबड्डी चैंपियनशिप वाईब्रैट इंटरनेशनल स्कूल हंसावास खुर्द बाढ़ड़ा (चरखी दादरी)27 28 अप्रैल 2024 व हरियाणा राज्य स्तरीय जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता गांव ग्योंग जिला कैथल में 4-5 मई 2024 में होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेगी। कबड्डी प्रधान सुमित चहल ने बताया कि सीनियर पुरुष वर्ग में वजन 85 किलोग्राम व महिला वर्ग में वजन 75 किलोग्राम से कम व जूनियर वर्ग में आयु 20 वर्ष से कम (जन्म जन्म 1 जून 2004) के बाद व पुरुष वजन 70 व महिला वर्ग में वजन 65 से कम होना चाहिए। खिलाड़ी 2 पासपोर्ट साइज फोटो व आधार कार्ड फोटो कॉपी साथ लेकर आएं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## मोती लाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में हस्तलेखन सेमिनार का आयोजन

# छात्रों को हस्तलेखन कौशल में सुधार करने के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

मोती लाल नेहरू पब्लिक विद्यालय एक ऐसा संस्थान है जो शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए प्रसिद्ध है। यहां प्रयास किया जाता है कि विद्यार्थियों को समृद्ध और सुरक्षित वातावरण में शिक्षा प्रदान की जाए और शिक्षा के साथ.साथ ही विद्यालय में एक हस्तलेखन सेमिनार का आयोजन किया। जो शिक्षा के इस महत्वपूर्ण पहलू को बढ़ावा देने का उद्देश्य रखता था। इस सेमिनार का आयोजन ओम प्रकाश सिवाच ने किया। उन्होंने बच्चों को कहा कि सेमिनार का मुख्य उद्देश्य है, हस्तलेखन कौशल में सुधार करना। हस्तलेखन एक महत्वपूर्ण कौशल है जो विद्यार्थियों के व्यक्तित्व और अभिवृद्धि में मदद करता है। अच्छा हस्तलेखन उनके विचारों और धारणाओं को साफ़ और सुधारता है, जिससे वे अपने जीवन में सफल हो सकते हैं। सेमिनार में विद्यार्थियों को हस्तलेखन के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। हस्तलेखन का योगदान अच्छे संवादनशीलता, विचारशीलता और व्यक्तित्व विकास में होता है। सही हस्तलेखन विद्यार्थियों को स्पष्टता और संवेदनशीलता के साथ सोचने की क्षमता प्रदान करता है। सेमिनार में विद्यार्थियों को विभिन्न हस्तलेखन तकनीकों का परिचय दिया गया। वे सही कलम का चयन कैसे करें, अपने लेखन की गति कैसे बढ़ाएं और सुंदर हस्तलेखन कैसे विकसित करें इन सभी मुद्दों पर चर्चा की गई। विद्यालय प्राचार्य रविंद्र कुमार ने कहा कि सेमिनार में हस्तलेखन कौशल को सुधारने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों मेंए विद्यार्थियों को हस्तलेखन की विभिन्न दृष्टियों से समझाया गया और उन्हें अधिक सक्षम बनाने के लिए प्रेरित किया गया। सेमिनार में विद्यार्थियों को हस्तलेखन के महत्व को समझाने के लिए कई उदाहरणों का उपयोग किया गया। इससे उन्हें हस्तलेखन के गुणों और उसके प्रभाव का सही अनुमान हो सका और अंत में, विद्यार्थियों को हस्तलेखन के महत्व को समझाने और अपने हस्तलेखन कौशल में सुधार करने के लिए प्रेरित किया गया। सेमिनार के अंत में प्राचार्य ने सेमिनार के सदस्यों को समृद्धि चिन्ह देकर सम्मानित किया।




जींद। हस्तलेखन के गुर सिखाते हुए। फोटो: हरिभूमि